अच्छी संगत विद्यार्थियों को लक्ष्य की ओर ले जाती है : प्रो शैलेंद्र

रांची. आइआइएम, रांची में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया. मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो शैलेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम से विद्यार्थियों को वर्चुअली जोड़ा गया. प्रो शैलेंद्र सिंह ने कहा कि किसी का ज्ञान, सफलता और धन चुड़ाया नहीं जा सकता. इन्हें दूसरों के बीच बांटने से यह बढ़ता है. ठीक वैसे ही अच्छे संगत से विद्यार्थी भटकाव की स्थिति में नहीं आते, बल्कि उलझन से बाहर निकल लक्ष्य की ओर अग्रसर होते है. इसी तरह शिक्षा प्रणाली व्यवस्थित और पारदर्शी होने पर विद्यार्थियों का विकास किया जा सकता है. मौके पर प्रो पियाली दास ने शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद के योगदान पर अपनी बातें रखी. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्कील बेस्ड शिक्षा प्रणाली से विद्यार्थियों का भौतिक और व्यवहारिक विकास संभव होगा.

Prabhat Khabar, 12.11.2020, Pg. 07